हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 15 नवंबर 2025

04 बाल दिवस पर नगर के विद्यालयों में लगे बाल...



07 निलेश चंद्र मुनि ने हार्दिक हुंडिया की राष्ट्रीय...





## खबर संक्षेप

### जनजातीय गौरव दिवस आज बासौदा में मनेगा

**विदिशा।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष पर जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम 15 नवंबर को गंजबासौदा के पुराना मेला ग्राउंड स्थित मानस भवन में आयोजित होगा। कार्यक्रम की सुचारु व्यवस्था हेतु जिला पंचायत सीईओ द्वारा बासौदा एसडीएम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, बिजली, स्वास्थ्य शिविर, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पेयजल, साज-सज्जा सहित अन्य व्यवस्थाओं के दायित्व संबंधित विभागों को सौंपे गए हैं। कार्यक्रम में प्रदर्शनी एवं रक्तदान शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।

### एक्सीलेंस स्कूल में संगोष्ठी आयोजित की

**विदिशा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शासकीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनीता वाजपेई ने बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और उनके नेतृत्व में वनवासी समाज के संगठनात्मक प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ जनजाति समाज को आजादी के लिए तैयार किया और धर्म परिवर्तन के प्रयासों का विरोध करते हुए समाज में जागृति लाई।

### विद्या इंटरनेशनल स्कूल में बाल मेला आज

**विदिशा।** विद्या इंटरनेशनल स्कूल गेहूंखेड़ी में बाल दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को बाल मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न प्रकार के झूले, फूड स्टॉल और गेम स्टॉल लगाए जाएंगे, जिन्हें विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा संचालित किया जाएगा। इसमें विद्यालय सहित अन्य स्कूलों के बच्चे भी उत्साह से भाग लेंगे। विद्यालय संचालक अभिनय वर्मा ने अभिभावकों से सपरिवार उपस्थित होकर मेले का आनंद लेने की अपील की है। बाल मेला सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक भोपाल-सागर बाइपास के पास स्थित विद्यालय परिसर में आयोजित होगा।

### स्टेट बैंक ने पेंशनर्स मीट का आयोजन किया

**विदिशा।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय विदिशा द्वारा होटल ग्रैंड अशोका में पेंशनरों के सम्मान में मेगा टाउन हॉल पेंशनर मीट आयोजित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्रीय प्रबंधक विनय सिंह ने किया। उन्होंने बेहतर ग्राहक सेवा का आश्वासन देते हुए किसी भी समस्या पर सीधे संपर्क करने को कहा। पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष ओपी चतुर्वेदी ने कार्यक्रम की सराहना की। चिकित्सा शिविर में मधुमेह एवं रक्तचाप जांच की गई तथा योग इकाई अध्यक्ष अमिता लक्षकार द्वारा योग अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में पूर्व अधिकारियों का विशेष सहयोग रहा और आभार धर्मवीर सिंह ने व्यक्त किया। यह कार्यक्रम पूर्व लीड बैंक मैनेजर नरेश मेघानी, पूर्व शाखा प्रबंधक संतोष नामदेव, पूर्व कैश ऑफिसर सुब्रह्मण्य शर्मा के सहयोग से संपन्न कराया गया।

### जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस

**विदिशा।** बाल दिवस के अवसर पर कुशवाह समाज के जिला मंत्री एवं समाजसेवी धर्मेंद्र सिंह कुशवाह ने रामलीला चुंगी नाका क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चों के साथ बेतवा नदी तट पर बाल दिवस मनाया। उन्होंने उन बच्चों को भी शिक्षा का महत्व बताया जो कभी स्कूल नहीं गए। बच्चों को किताबें, कलर पेन भेंट किए और बिस्किट-चॉकलेट खिलाकर खुशियां बाँटीं। कुशवाह ने कहा कि जहां देशभर में बाल दिवस पर कार्यक्रम होते हैं, वहीं कई बच्चे अब भी इन खुशियों से दूर हैं। ऐसे बच्चों तक शिक्षा और प्रसन्नता पहुंचाना उनका निरंतर प्रयास है।

## सुबह-शाम ठिठुरा रही सर्दी, न्यूनतम तापमान 12 डिग्री, इस सप्ताह और राहत

**विदिशा।** सर्दी का असर सुबह और शाम दिखाई देने लगा है, लेकिन इस सप्ताह और राहत रहेगी। अगले सप्ताह से अधिकतम तापमान में गिरावट आने के कारण तेज सर्दी पड़ेगी। मौसम विभाग की मानें तो अभी न्यूनतम तापमान 12 डिग्री और अधिकतम 25 डिग्री सेल्सियस चल रहा है। जिससे सुबह और शाम को सर्दी का अहसास हो रहा है जबकि दिन में तेज धूप निकलने के कारण गर्मी का अहसास हो रहा है, जो इस सप्ताह और बना रहेगा। इसके बाद तेज सर्दी पड़ने की उम्मीद है।







विदिशा। शाम के समय लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आने लगे हैं तो वहीं सुबह के समय लोग आग जलाकर ताप रहे हैं। शाम के समय ढलता सूरज भी गुलाबी ठंड का अहसास कराने लगा है।

### विरोध : तीसरे दिन भी जारी रही पार्षदों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

## पार्षदों का धरना जारी, अधिकारियों की अनदेखी के विरोध में परिवार सहित किया सुंदरकांड पाठ

नीमताल पर धरने पर बैठे पार्षदों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने को कांग्रेसी पार्षदों का भी समर्थन मिल गया है। शुक्रवार को पार्षद दिनभर नीमताल पर बैठे रहे। लेकिन अब तक कोई भी अधिकारी या भाजपा का नेता उनसे समस्याएं पूछने नहीं आया है। जिससे पार्षदों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पार्षदों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानीं जाएंगी धरना जारी रहेगा।



विदिशा। तीसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे पार्षद। अधिकारी या नेता न पहुंचने के कारण बढ़ता जा रहा है आक्रोश।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा नगरपालिका में विकास कार्य ठप होने और अधिकारियों द्वारा पार्षदों की अनदेखी के विरोध में शुक्रवार को भी पार्षदों का अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। गुरुवार देर रात तक धरना स्थल पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें पार्षदों के परिवारजन भी शामिल हुए। अधिकारियों पर लापरवाही और अनदेखी के आरोप पार्षदों का कहना है कि नगरपालिका में नेताओं और जनप्रतिनिधियों के बीच चल रही खींचतान का खामियाजा शहर भुगत रहा है। महीनों से विकास कार्य रुके हुए हैं। पार्षदों ने नपा सीएमओ पर जनप्रतिनिधियों की बात न सुनने और कर्मचारियों पर काम न करने के आरोप लगाए। धरने पर मौजूद पार्षदों ने सीएमओ के खिलाफ नारेबाजी भी की। धरने पर बैठे जनप्रतिनिधियों ने कहा कि उन पर दबाव बनाया जा रहा है, लेकिन वे पीछे नहीं हटेंगे। तीन बार के पार्षद अशोक जाट ने बताया कि छोटे-छोटे कामों के लिए भी महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं पर कर्मचारियों की ओर से कोई सुनवाई नहीं होती। उनका कहना है कि जिन नेताओं को इससे परेशानी है, वे धरना स्थल पर आकर उनसे सीधे सवाल कर सकते हैं। भाजपा के भीतर बढ़ते विवाद के बीच कांग्रेस पार्षद भी

**अधिकरी पहुंचे न कोई जनप्रतिनिधि, इसलिए पार्षदों में बढ़ता जा रहा है आक्रोश।**

समर्थन में सामने आए। नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी और धर्मेंद्र यादव धरना स्थल पहुंचे। आशीष माहेश्वरी ने कहा कि वे विकास के मुद्दे पर पार्षदों के साथ हैं और याद दिलाया कि अविश्वास प्रस्ताव के दौरान भी कांग्रेस ने विकास के लिए सभी पार्षदों का समर्थन किया था। चूंकि प्रदर्शन कर रहे पार्षद भाजपा के हैं इसलिए शुक्रवार को पार्षदों ने प्रदर्शन नहीं किया। क्योंकि बिहार में एनडीए की जीत हुई। पार्षद अशोक जाट ने बताया कि अभी तक किसी भी अधिकारी या भाजपा के नेता पार्षदों की सुनने नहीं आया। इससे पार्षदों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अब देखना यह है कि पार्षद की अनिश्चितकालीन हड़ताल कब तक चलती है या भाजपा का कोई नेता पार्षदों को मनाने धरना स्थल पर पहुंचता है?

## चोरी करते युवक रंगे हाथों पकड़ाया, नशे में था धुत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मनोरा में गुरुवार रात एक युवक को चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। वह कुंवर बाई तोमर के घर में घुसकर चोरी का प्रयास कर रहे इस युवक को घर मालिक और पड़ोसियों ने मिलकर पकड़ा और पुलिस को सूचना दी।

कुंवर बाई तोमर ने घर के भीतर आवाज सुनकर चोर को चोरी करते हुए देखा। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़ लिया। आरोपी की पहचान राम प्रसाद के रूप में हुई है, जो शराब के नशे में धुत था। पकड़े जाने पर राम प्रसाद ने हंगामा करना शुरू कर दिया। वह जमीन पर लोट लगाने लगा। पुलिस के पहुंचने पर भी वह घर से बाहर नहीं निकल रहा था, जिसके बाद उसे खींचकर बाहर निकाला गया।

### नशे में होने के कारण पुलिस घर छोड़ आई थी

कुंवर बाई तोमर के घर में एक किराना दुकान भी है। आरोपी राम प्रसाद पहले भी इसी दुकान में चोरी करते हुए पकड़ा जा चुका है और उस मामले में पुलिस कार्रवाई भी हुई थी। गुरुवार रात वह दोबारा चोरी की नीयत से घर में घुसा था। अत्यधिक नशे में होने के कारण पुलिस युवक को तत्काल थाने ले जाने के बजाय उसके घर छोड़कर आई थी। ग्यारसपुर थाना प्रभारी सीमा राय ने बताया कि आरोपी को उसके परिवार के सुपुर्द किया गया था। दोपहर में परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

### बिहार में एनडीए की सरकार बनने पर फोड़े पटाखे



विदिशा। बिहार में एएनडीए की जीत पर विदिशा में भाजपाईयों ने माधवगंज चौराह पर पटाखे फोड़कर मिठाई बांटी। विधायक मुकेश टंडन सहित कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। विधायक मुकेश टंडन ने कार्यकर्ताओं के साथ खुशी साझा करते हुए देश में स्थिर और जनसेवा वाली सरकारों की आवश्यकता पर जोर दिया।

## न्यायोत्सव के समापन पर पांच किमी की साइकिल रैली निकली

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने न्यायोत्सव विधिक सेवा जागरूकता सप्ताह के समापन पर साइकिल रैली निकाली। विदिशा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा प्राधिकरण अध्यक्ष शेख सलीम ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में न्यायाधीश, अधिवक्ता, न्यायालय कर्मचारी, उनके परिजन और विभिन्न स्कूलों के बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह रैली जिला न्यायालय परिसर से शुरू होकर दुर्गानगर चौराह, एसएटीआई, अहमदपुर चौराह, पीतलमिल, खरीफाटक और माधवगंज होते हुए लगभग 5 किलोमीटर का सफर तय कर वापस न्यायालय परिसर पहुंची। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने बताया कि न्यायोत्सव के माध्यम से न्याय व्यवस्था को आम जनता के करीब लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस उत्साह से सभी ने साइकिल चलाई, उसी तरह न्याय भी तेज गति से जनता तक पहुंचे, यही इस रैली का मुख्य संदेश है।

सप्ताह भर न्याय जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम, विधिक परामर्श शिविर और स्कूलों में भाषण, निबंध तथा चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समापन अवसर पर ओलम्पस हाई स्कूल और नारायणा हायर सेकेंडरी स्कूल के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। रैली के बाद बच्चों को उपहार दिए गए।

### विधायक मीणा के प्रयास से 37 पंचायतों को 25-25 लाख की राशि स्वीकृत

**विदिशा।** शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा के प्रयासों से नटेरन और विदिशा जनपद पंचायतों के 37 ग्राम पंचायतों में 25-25 लाख रुपए की लागत से गुणवत्ता पूर्ण सामुदायिक भवन स्वीकृत किए गए हैं। स्वीकृति के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। नटेरन जनपद की ग्राम पंचायत आमखेड़ा सूखा, कस्बाखेड़ी, कोलुआ, खड़ेर, गुरोद, जोहद, डंगरवाड़ा, तोफाखेड़ी, थाना, दिघोनी, नहरयाई, नादिया, नानकपुर, पाली, पैरवासा, फूफेर, बाड़ेर, बूधोर, भियांखेड़ी, महुआखेड़ा, महूठा, मोही, रजोदा, रायपुर, रुसल्ली, बमोरी, सतपाड़ा हाट, हसनपुर जाठोद,जनपद पंचायत विदिशा की पंचायत अमऊखेड़ी, परासी गूजर, पुरेनिया, सनोटी, सांकलखेड़ा कला, सायर और सहजाखेड़ी शामिल हैं।

## छह वाहनों से जुर्माना वसूला, 15 किए जब्त

### राजस्थान पंजीकृत दो डंपरों पर मध्यप्रदेश का कर बकाया पाया गया, बस का फिटनेस निरस्त किया

**सांदीपनि विद्यालय की बस बिना फिटनेस के संचालित पाई गई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

परिवहन विभाग द्वारा अवैध और नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है।

जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा के निर्देशन में शमशाबाद एवं लटेरी क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 21 वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, जिनमें से 6 वाहनों से मौके पर ही 23 हजार शमन शुल्क वसूल किया गया। जबकि 15 वाहनों को प्रकरण निराकरण तक जब्त कर लिया गया। इनमें 8 वाहन थाना शमशाबाद और 7 वाहन थाना लटेरी में रखे गए हैं। जब्त वाहनों में दो डंपर शामिल हैं जिन पर लगभग 2 लाख रुपए मोटरयान कर बकाया था। इसके अलावा सांदीपनि विद्यालय की एक स्कूल बस बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के संचालित पाई गई। साथ ही राजस्थान पंजीकृत दो डंपरों पर मध्यप्रदेश का कर बकाया पाया गया। लटेरी में पकड़ी गई एक यात्री बस में अग्निशमन यंत्र एवं व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (पैनिक बटन) नहीं मिलने पर उसका फिटनेस प्रमाणपत्र निरस्त किया गया। कार्रवाई से 3 लाख रुपए से अधिक राजस्व प्राप्त होने की संभावना जताई जा रही है। अभियान के दौरान विशेष रूप से स्कूल बसों और यात्री वाहनों में अग्नि सुरक्षा मानकों की भी जांच की गई।



विदिशा। स्कूली बसों की जांच पड़ताल करते हुए जिला परिवहन अधिकारी।

**लटेरी में एक बस का फिटनेस प्रमाणपत्र निरस्त कर दिया गया।**

### देश निर्माण में पंडित जवाहरलाल नेहरू के योगदान को याद किया

## कांग्रेसियों ने चाचा नेहरू को अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर शुक्रवार को एसएटीआई कॉलेज परिसर में जिला कांग्रेस कमेटी एवं सेवादल द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एकत्रित हुए और देश निर्माण में नेहरू जी के योगदान को याद किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा ने कहा कि नेहरू जी आधुनिक भारत के वास्तविक निर्माता थे। उन्होंने विज्ञान, लोकतंत्र और विकास की मज़बूत दिशा निर्धारित की। उनकी जयंती हमें उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की प्रेरणा देती है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने नेहरू जी को शिक्षा, उद्योग और संवैधानिक मूल्यों की नींव रखने वाला दूरदर्शी नेता बताते हुए कहा कि कांग्रेस संगठन उनके विचारों को आगे बढ़ाने के लिए कटिबद्ध है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष बोहत ने नेहरू जी को गरीब और आमजन का हितैषी बताते हुए कहा कि उनकी विकासवादी नीतियों ने भारत को प्रगतिशील राष्ट्र बनाया। विंग कमांडर (से.) अनुमा आचार्य ने कहा कि नेहरू जी ने विज्ञान, तकनीक, महिला शिक्षा और आधुनिक सोच को हमेशा प्रोत्साहित किया। उनकी जयंती समाज में समानता और राष्ट्रसेवा के संकल्प को मजबूत करती है। कार्यक्रम में सुरेश बाबू पाठक, नंदकिशोर शर्मा, रमेश तिवारी, वैभव भारद्वाज, विनीता, राजकुमार पासी सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष माहेश्वरी ने किया जबकि आभार प्रदर्शन सेवा दल के जिला अध्यक्ष रामराज दांगी द्वारा किया गया।



### पुलिस ने बच्चों को बाल सुरक्षा की जानकारी दी

**विदिशा।** बाल दिवस पर पुलिस विभाग ने व्यापक जागरूकता अभियान चलाते हुए बच्चों को बाल सुरक्षा की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में सभी थानों में मैराथन, बालमित्र कक्ष भ्रमण, प्रतियोगिताएं और कानूनी जानकारी संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। ऊर्जा हेल्प डेस्क की मदद से बच्चों को महिला व बाल सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और पुलिस कार्यप्रणाली के बारे में सरल जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने कार्यक्रमों का सफल संचालन कर बच्चों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाया।

### ओलम्पस हाई में खेल उत्सव चैंपियंस लीग का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज.विदिशा।** ओलम्पस हाई स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव चैंपियंस लीग का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने किया। कार्यक्रम में सीजेएम रमाकांत भारके, डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार अम्बुज श्रीवास्तव और सेक्रेटरी डीएलए नितेंद्र सिंह तोमर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्या प्रियंका सिंह ने विद्यार्थियों को खेलभावना की शपथ दिलाई और संचालक मोहित रघुवंशी ने खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत की घोषणा की। न्यायाधीश सलीम ने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और गुरुजनों के सम्मान का संदेश दिया। कार्यक्रम में द्रोणाचार्य एक्ट, बैगपाइपर बैंड, ताइक्वांडो, फ्लैग ड्रिल और गीत प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। राष्ट्रस्तरीय स्विमिंग प्रतियोगिता में चयनित छात्र एकम सिंह अदक तथा राज्यस्तरीय चयनित आठ विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-600
उच्चतम भाव-5590
सरसों
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-8450
चना
न्यूनतम भाव-4280
उच्चतम भाव- 5601
मसूर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-7201
उड़द
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5200
मक्का
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव- 1775
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3151
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-3121
गेंहू
न्यूनतम भाव-2260
उच्चतम भाव-3140
मूंग
न्यूनतम भाव- 1930
उच्चतम भाव- 1930
बटरी
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव- 3110

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 36949 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### स्वीप गतिविधियों को लेकर बैठक आयोजित



**गंजबासौदा।** बासौदा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण 2025-26 कार्यक्रम अनुसार समय सीमा में पूर्ण करने के लिए शिक्षा विभाग के विकास खण्ड के समस्त शासकीय, अशासकीय हायर सेकंडरी स्कूल प्राचार्य, हाई स्कूल के प्राचार्य कि स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरुकता रैली, रंगोली, मानव श्रृंखला आदि के करने के लिए बैठक आयोजित कि गई। जिसमें एसडीएम संतोष बिटौलिया सहित अन्य अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी। वहीं एसआईआर के तहत त्योंदा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का एसडीएम द्वारा निरीक्षण किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि विकास खंड में मतदाताओं का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर गांव गांव घर घर चल रहा है। जिसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बीएलओ आपके घर पहुंचेंगे, तब उनके पास आपकी सारी जानकारी होगी लेकिन आपको उन सभी जानकारी की पुष्टि करनी होगी।

### प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर कांग्रेस जनों ने किया प्रतिमा पर माल्यार्पण

# बाल दिवस पर नगर के विद्यालयों में लगे बाल मेले, मेधावी विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस को नगर सहित इलाके भर में बाल दिवस के रूप में उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जहां कांग्रेसजनों ने नेहरू चौक पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, वहीं स्कूलों में बाल दिवस के मौके पर बाल मेलों एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को बच्चों से बेहद लगाव था और इसी कारण उनके जन्मदिवस 14 नवंबर को देश भर में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। शुक्रवार को भी इसी कारण बाल दिवस के अनेक आयोजन हुए। नेहरू चौक पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव विकास शर्मा एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा ने बताया कि पंडित जवाहर लाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। भारत में कृषि एवं उद्योग के विकास के लिए उन्होंने पंचवर्षीय योजना का गठन किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील बाबू पिंगले एवं जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव राजकुमार सेन बताया कि नेहरू स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री बने। उन्होंने भारत की विदेश नीति के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और गुटनिरपेक्ष आंदोलन के सह संस्थापक थे। वे सभी धर्म का सम्मान करते थे। इस अवसर पर रवि तिवारी, जगदीश व्यास, बीडी शर्मा, प्रशांत नायक, रवि यादव ,सुजीत सराठे, एमएल कोरी, मुकेश एलिया सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



उधर स्कूलों में बाल मेले आयोजित हुए। जिसमें नवांकुर विद्यापीठ एवं डाल्फिन स्कूल में रंगारंग बाल मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्रियाशील प्रगति परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर सत्यनारायण गौर और प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष नीलेश चतुर्वेदी विद्यालय में उपस्थित थे। मेले में विद्यार्थियों द्वारा करीब 65 काउंटर सजाए गए थे, जहां पर इडली, ढोकला, पानीपुरी, चना, पोहा, समोसा, कचोरी चाट, गुलाब जामुन, रसगुल्ला आदि व्यंजनों की दुकानें सजाई गई थीं। विद्यार्थियों द्वारा चाय, बनारसी पान के अलावा जनरल स्टोर की दुकानें भी मेले में लगाई गई थीं। खानपान के अलावा अन्य गतिविधियों का संचालन भी मेले में किया जा रहा था। हर्षित दीक्षित द्वारा चित्रकला प्रदर्शनी लगाई गई थी, वहीं मॉडल प्रदर्शनी तथा गेम क्षेत्र का भी प्रबंध किया गया था। मेले में मंच पर से विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉं दी गई।









सैण्ट एसआरएस स्कूल में बाल मेले में जहां कई दर्जन दुकानों पर उत्तर भारतीय और दक्षिण भारतीय व्यंजनों के साथ चाइनीज और पाश्चात्य व्यंजनों के स्वाद की छटा बिखरती नजर आई। दूसरी ओर विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने अद्भुत कल्पनाओं को मॉडल के रूप में साकार करते हुए दर्शकों का अनायास ध्यान खींचने में सफलता प्राप्त की। बाल मेले और विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन वार्ड क्रमांक चार की पार्षद नीलू अहिरवार, आईडीबीआई के ब्रांच मैनेजर विक्रम सिंह एवं असिस्टेंट मैनेजर सुनील हिमनानी के साथ संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर सुधा यादव ने सरस्वती माता के पूजन के बाद फीता काटकर किया। बच्चों से लेकर बड़े लोगों तक ने मेले का लुत्फ उठाया। बच्चे मिकी माउस और स्कूल के झूलों पर मस्ती करते भी दिखाई दिए। बाल विज्ञानियों ने सड़कों पर यातायात और हादसों की समस्या का समाधान हो या, बिजली बचाने के लिए सौर ऊर्जा और डीसी करंट के सदुपयोग पर नवीनता से विचारों को मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया। इस दौरान अंतरिक्ष का सफर करते अंतरिक्ष यात्रियों के लिए मॉडल के द्वारा नये विचार भी उपलब्ध कराए गए। वेस्ट मटेरियल से इलेक्ट्रिक जैनेरट सिस्टम को साकार किया। प्रदर्शनी में एक छात्र द्वारा सिक्कों, रूपयों और स्टाम्प संग्रह को प्रदर्शित कर अपनी अभिरुचि का परिचय दिया। उधर आचार्य विद्या वैली स्कूल में विशाल एवं भव्य बाल मेला का आयोजन एवं पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जगदीश व्यास नपा नेता प्रतिपक्ष , राजेश तिवारी वरिष्ठ भाजपा नेता पार्षद नीलू अहिरवार, वरिष्ठ समाज सेवी कांति भाई शाह तथा वसंत अग्रवाल पूर्व पार्षद रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रतिभाएं जिन्होंने खेल में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर जिला, संभाग, प्रदेश एवं नेशनल स्तर पर पहुंचने का कीर्तिमान बनाया है उन सभी को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। खेल की विभिन्न विधाओं जिन में मिनी गोल्फ, गतका, आर्चरी, फील्ड आर्चरी, कलारीपट्टू, टांगता, एथेलेटिक्स आदि में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन किया है उन सभी को पुरस्कार प्रदान किए गए। उधर मेले में बच्चों ने बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ भाग किया। देर शाम तक नगर के नागरिकों एवं अभिभावकों की मेले में भीड़ आती रही।

## भाजपाईयों ने मनाया जीत का जश्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बिहार विधानसभा में NDA की पुनः प्रचण्ड विजय पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जयस्तंभ चौक पर एकत्रित होकर आतिशबाजी करते हुए, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उत्साहपूर्वक जश्न मनाया और एनडीए की जीत पर वरिष्ठ नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं और नागरिकों को मिष्ठान खिलाकर जीत की खुशी साझा की। साथ ही जनता के अपार विश्वास, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अद्भुत नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के लिए आभार व्यक्त किया।

## जनजातीय कला पर आधारित रंगोली, मेहंदी डिजाइन बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शुक्रवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति पीजी महाविद्यालय में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुमनलता गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती के समापन के अवसर पर जनजातीय कला पर आधारित रंगोली एवं मेहंदी के डिजाइन बनाऐ गए। इस अवसर पर रवि राय, ईशा जैन, शोभा नामदेव, अंजू शर्मा, शिल्पी रघुवंशी ने रंगोली के वर्ली आर्ट मधुबनी आदि विभिन्न डिजाइन बनाए एवं मुस्कान रघुवंशी, तनिष्का विश्वकर्मा, शिल्पी रघुवंशी, सिंधुसुता शर्मा, कीर्ति पटेल आदि विद्यार्थियों ने मेहंदी के विभिन्न डिजाइन बनाऐ।

कार्यक्रम का समन्वय डॉ. कंचन वैद्य, सुधा पाठक, डॉ. मोनिता नेमा का सहयोग रहा। महाविद्यालय में उमंग कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय से काउंसलर अशोक कुमार अहिरवार द्वारा महाविद्यालय में विद्यार्थियों की काउंसलिंग की गई। इसमें उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य पर विद्यार्थियों को व्याख्यान दिया। साथ ही विशेष चुने हुए छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग की। अशोक कुमार द्वारा विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से दूर रहने एवं शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक परिवर्तनों से अवगत कराया गया। विद्यार्थी अपना मानसिक तनाव प्रबंधन कैसे करें तथा उम्र के साथ-साथ करियर में आने वाली समस्याओं से कैसे मुक्त रहें आदि विषय पर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। घनश्याम चौकसे द्वारा विद्यार्थियों की ओर से अशोक कुमार अहिरवार का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बीके प्रजापति, डॉ. सरिता घेंघट, डॉ. विजय शाक्य, डॉ. सपना श्रीवास्तव, अर्चना चौधरी, शिवानी विश्नोई सहित अनेक विद्यार्थी और समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## बच्चों ने किया पुलिस थाने का भ्रमण



**त्योंदा।** शुक्रवार को त्योंदा के एक प्राइवेट स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने त्योंदा थाना का भ्रमण किया। जिसमें उन्हें पुलिस थाने की गतिविधि, एफआईआर, हवालात, मालखाना, कानून, चाइल्ड हेल्पलाइन के विषय में थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह द्वारा सरलता पूर्वक बताया गया। इस मौके पर नन्हे, मुन्ने बच्चे, विद्यालयीन स्टॉफ एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### डॉ. एके जैन हुए सम्मानित



**गंज बासौदा।** नगर के चिकित्सक डॉ ए.के. जैन को भोपाल में राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी एवं भोपाल नगर निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी एवं नागरिक जन कल्याण भारत के डॉ. बी.के. यादव ने सम्मान पत्र स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र देकर राज्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया। जैन को यह सम्मान समाज सेवा, शिक्षा , स्वास्थ्य,आयुर्वेदिक चिकित्सा, शोध कार्य एवं निशुल्क चिकित्सा शिविर अनेको सामाजिक संस्थाओ में उनकी सहभागिता पर दिया गया है। डॉ.जैन की इस उपलब्धि पर शुभचिंतको तथा इष्ट मित्रों आदि ने बधाई दी है।

## विधिक सेवा सप्ताह के समापन पर बाइक रैली निकाली



**गंज बासौदा।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति बासौदा द्वारा दिनांक 9 से 14 नवंबर तक न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को किया गया। जिसमें हरप्रसाद बंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं प्रभारी अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के मार्गदर्शन में नवीन न्यायालय भवन रजोदा से बाईक रैली का आयोजन किया गया। बाईक रैली न्यायालय परिसर रजोदा से प्रारंभ होकर जयस्तम्भ चौक से बस स्टैण्ड होते हुए बेदनखेडी टपरिया से तिरंगा चौक होते हुए न्यायालय परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। उक्त बाईक रैली के माध्यम आमजन को न्यायिक जागरूकता, आमजन को उनके कर्तव्य अधिकार एवं न्यायिक योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच और ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित होकर शीघ्र न्याय प्राप्त कर सके इसका जन जागरण किया गया। बाइक रैली में हरप्रसाद वंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं प्रभारी अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति गंजबासौदा द्वारा वाहनों को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया तथा वाहन रैली में न्यायाधीशगण रावेन्द्र कुमार सोनी, विमलेश मुडैया, अब्दुल अजहर अंसारी, साक्षी प्रसाद, स्नो मारिया तिग्गा, आफरीन युसुफजई, सृष्टि कुशवाह तथा अध्यक्ष अभिभाषक संघ संजीव प्रताप सिंह चौहान आदि ने भी भाग लिया।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल की एनएसएस बालक- बालिका ईकाई के स्वयं सेवकों का एक दिवसीय शिविर मील रोड स्थित विजन सेंटर के नेत्र परीक्षण शिविर में लगाया गया। स्वयंसेवकों के एक दिवसीय शिविर में एन.एस.एस. के बालक इकाई अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान, बालिका इकाई कार्यक्रम अधिकारी रजनी गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित एक दिवसीय शिविर में एन.एस.एस के जिला संगठक कृषि कालेज के प्राध्यापक डॉ पी.के जगा भी उपस्थित थे। उन्होंने सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल की सराहना करते हुए कहा कि संस्था के स्वयं सेवकों द्वारा सेवा कार्य अन्तर्गत एक दिवसीय शिविर की पहल श्रेष्ठ है। शहर की सभी एन.एस.एस. इकाई संचालित करने वाले विद्यालयों को सेवा शिविर से प्रेरित होना चाहिए। नेत्र शिविर के संचालक सुनील बाबू पिंगले ने स्वयंसेवकों को बताया कि सद्गुरू सेवा ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा अभी तक 55 हजार लोगों की आंखों के मोतियाबिन्द का निशुल्क ऑपरेशन किए जा चुके हैं। शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ. राजकरण वर्मा द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया। इस अवसर पर शिक्षक विक्रम सिंह, सत्यम बबेले, दिनकर कद्रे आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

**बेचना है**

गंजबासोदा स्थित ग्राम चोराबर प.ह.नं. 49 में अ.क्र. 43/2 रकबा 1.463 एवं अ.क्र. 40/1 रकबा 1.487 करीब पन्द्रह वीघा जमीन जो कि काली गिट्टी क्रेशर, कोपरा, एवं सेन्ड कार्य के लिये अति उपयुक्त। शीघ्र बेचना है।
संपर्क : अमित यादव- 9893853839
हिमांशु यादव- 9406549566

### 6 अतिरिक्त कक्षों का अतिथियों ने किया लोकार्पण

## सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में 353.09 लाख रूपये की लागत से 6 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर लोकार्पण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी, अध्यक्षता नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी के विशेष अतिथ्य में, कांति भाई शाह वरिष्ठ समाजसेवी एवं भूमि दानदाता तथा प्रीति रानी श्रीवास्तव अध्यक्ष जन भागीदारी समिति के द्वारा विस्तारित भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति ने महाविद्यालय का ऐतिहासिक पृष्ठभूमि स्पष्ट करते हुये छात्राओं के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल-कूद गतिविधियों को स्पष्ट करते हुए प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रीति रानी श्रीवास्तव द्वारा 6 अतिरिक्त कक्षों के निर्माण एवं तीन वर्षों के कार्यकाल में निरंतर महाविद्यालय में नये आयाम स्थापित करने पर शुभकामनाएं दी।

नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि कालेज लाइफ भविष्य का निर्माण करती है एवं परिवार चलाने की क्षमता का विकास करती है। 18 से 25 वर्ष की उम्र एक महत्वपूर्ण उम्र होती है इसमें हमें प्रोत्साहित करने वाली मित्र बनना चाहिए। जो हमें प्रोत्साहित करें। कांति भाई शाह ने अपने परिवार के प्रति धन्यवाद किया कि उनकी दी हुई भूमि पर आज यह शिक्षा का मंदिर स्थापित है। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने महाविद्यालय प्रशासन से आगामी निर्माण, समतलीकरण हेतु मुलाकात करने का सुझाव दिया और महाविद्यालय द्वारा प्रतिवेदन पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। छात्राओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही पर्यावरण संबंधी जागरूकता के लिए प्रत्येक छात्रा से एक पौधा लगाने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा रागिनी राजपूत एवं नंदिनी द्वारा सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसकी सभी अतिथियों ने सराहना की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति ने सभी अतिथियों को शॉल, श्रीफल एवं मोमेंटो प्रदान कर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुराग जैन एवं आभार शिव कुमारी रघुवंशी द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाविद्यालय की छात्राएं, गणमान्य नागरिक एवं समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

## राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित

# देशभक्ति ईमान का हिस्सा है, देश से प्रेम करना विश्वास का एक हिस्सा है

### शिक्षा को केवल सरकारी या निजी संस्थानों की जिम्मेदारी के रूप में नहीं देखना चाहिए

राजीव जैन सैनानी ▶▶ सिरोंज

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ब्लॉक स्तरीय वंदे मातरम गीत गायन का भव्य आयोजन किया गया। देश भक्ति की भावना के साथ हाथों में तिरंगा थामे नगर के निजी एवं शासकीय विद्यालय के छात्र छात्राओं,प्रशासनिक अधिकारियों एवं नागरिकों बडी संख्या में हुए। वही उपस्थित नागरिकों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत का सामूहिक रूप से गायन किया।

इस अवसर पर वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालयों के छात्रों द्वारा निकाले गए मार्च पास्ट से हुआ। अनुशासन के साथ घोष वादन करते हुए निकले छात्रों के दल हाथ में तिरंगा लेकर सलामी देते नजर आए। इसके उपरांत स्कूली छात्राओं ने वंदे मातरम गीत पर आधारित सांस्कृतिक नाट्य प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। इस अवसर पर शा.मा.शाला बरखेड़ी की शिक्षिका फरहत उन निशा ने वंदे मातरम का एकल गान प्रस्तुत किया।



वही उन्होने कहा कि इस्लाम धर्म भी वतन के लिए लड़ना सिखाता है,देशभक्ति ईमान का हिस्सा है और अपने देश से प्रेम करना विश्वास का एक हिस्सा है। उन्होने कहा कि क़ुरान आत्मरक्षा में बल के प्रयोग की अनुमति देता है, विशेष रूप से उन लोगों के खिलाफ जिनके साथ अन्याय हुआ हो या जिन पर हमला किया गया हो। यदि कोई देश अत्याचारी ताकतों के अधीन है या उस पर हमला किया जाता है, तो इस्लाम अपने अनुयायियों को अपनी भूमि और लोगों की रक्षा के लिए लड़ने की अनुमति देता है। साथ ही इस्लाम अपने अनुयायियों को शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और अपने देश के कानूनों का सम्मान करने की शिक्षा देता है, और जरूरत पड़ने पर, अपनी मातृभूमि की रक्षा और आक्रमणकारियों के खिलाफ लड़ना एक धार्मिक कर्तव्य बन जाता है।

#### ग्रामीण क्षेत्र का हर बच्चा शिक्षित हो

उल्लेखनीय है कि शा.मा.शाला बरखेड़ी में पदस्थ शिक्षिका फरहत उन निशा को अपने शिक्षिका पद पर कार्यो का निर्वहन करने के लिए विभाग द्वारा पूर्व में भी कई बार पुरूस्कृत किया जा चुका है। इसी तरह भारत स्काउट गाइड की जिला गाइड शिक्षिका के रूप में भी फरहत उन निशा प्रदेश व जिला स्तर पर भी कई पुरूस्कार प्राप्त कर चुकी है। साथ ही वह हमेशा स्कूली बच्चो को घर-घर जाकर स्कूल आने के लिए प्रेरित करती है जिससे की ग्रामीण क्षेत्र का हर बच्चा शिक्षित हो और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बडे और ग्राम व क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस उध्देश्य को लेकर कक्षा में छोटे-छोटे बच्चो को अपने स्वंय की खर्चे पर मनोरजन व खेल सामग्री लेकर जाती है। जिससे कि नन्हे मुन्हे बच्चे खेल-कूद के साथ शिक्षा पर भी ध्यान दें।

#### स्वंय के खर्चे पर बच्चों को प्रदान करती है जरूरी सामग्री

हर बच्चा शिक्षित हो इस भावना से प्रेरित शिक्षिका फरहत उन निशा अपने स्वंय के खर्चे पर बच्चों को किताबें,कॉपी और अन्य ज़रूरी सामग्री प्रदान करती है। उनका यह एक प्रेरणादायक उदाहरण है जो शिक्षा के महत्व को दर्शाता है, भले ही यह निजी प्रयासों से ही क्यों न हो। यह कहानी बताती है कि कैसे एक समर्पित शिक्षिका निजी लागत पर भी गरीब बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। शिक्षिका अपने वेतन का उपयोग करके गरीब बच्चों को मुफ्त में पढ़ाती रही है और बच्चो को पढाई से संबंधित जरूरी सामग्री प्रदान करती है। वह समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करती है और उन बच्चों को भी शिक्षित करने का प्रयास करती है जिनके माता-पिता आर्थिक तंगी के कारण उन्हें स्कूल नहीं भेज पाते। शिक्षिका फरहत उन निशा कहती है कि शिक्षा को केवल सरकारी या निजी संस्थानों की जिम्मेदारी के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि व्यक्तिगत स्तर पर भी योगदान किया जा सकता है। जो समाज के अन्य लोगों को भी ऐसी पहल में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है।

# निलेश चंद्र मुनि ने हार्दिक हुंडिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की घोषणा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

जन कल्याण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर हार्दिक हुंडिया ने हरिभूमि से चर्चा कर बताया कि अबोल जीवो की रक्षा करो हमारी रक्षा अपने आप हो जाएगी। ऐसी उच्च भावना करने वाले व कबूतरो के बचाव के लिए आमरण उपवास पे उतरने वाले राष्ट्रीय संत निलेश चंद्र जी ने कुछ दिन पहले जन कल्याण पार्टी की घोषणा की थी। संत नीलेश चंद्र ने मुंबई में जैन श्रेष्ठी 30 साल से पत्रकार जगत में जिन्होंने भारी नामना कमाई है। सत्य को सम्मान और अन्याय के सामने आवाज़ उठाने वाले हार्दिक हुंडिया की जन कल्याण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पे घोषणा की है। वही जकपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने कहा कि मैं देश में सुशासन की राजनीति करने आया हूँ। मुंबई कर हित कर की भावना के साथ ये पार्टी पहले मुंबई में फिर देश के सभी राज्यो में सुशासन का प्रचार के साथ आगे बढ़ेंगी। सभी पार्टी की सुशासन करने के भावना है तो एक दूसरे के खिलाफ़ ना बोलकर देश में सुशासन का राज हो।

#### जीवों का कल्याण करने की भावना के साथ किया राजनीति में प्रवेश

हार्दिक हुंडिया ने कहा कि देश का विकास और सुशासन की राजनीति चाहते हो तो अब राज नीति में आप सभी को आना चाहिये। जो भी पार्टी के उम्मीदवार प्रजा के साथ साथ सृष्टि पे जन्म लेना हर जीव की चिंता करता है तो उनको हमारी पार्टी का पूरा साथ सहकार रहेगा। उन्होने सभी देशवासियों से कहा कि यह भगवान राम, कृष्ण, महावीर, बुद्ध, नानक ,इशू, पयगंबर जैसे महान वीरल विभूतिओ को मानने वाला देश है। सभी अनमोल महापुरुषों के आदर्शों को हमे मिलकर बढ़ाना है और देश में सुशासन लाना है। साथ ही सभी जीवो का कल्याण करने वाली,खुमारी वाली राजनीति हमे करनी है, हमारा अस्तित्व हमे बचाना है। मुजे भारत माता की पवित्र भूमि पर जन्म मिला ये मेरा सौभाग्य है और मुझे जन्म देने वाले अनंत उपकारी मेरे माता-पिता व मुझे अनमोल संस्कारो का सिंचन करने वाले परम पूज्य गुरुदेव हिमाचल सूरीश्वरजी महाराजा,पूज्य गुरुदेव चन्द्रशेखर विजय जी महाराजा के आशीर्वाद के साथ सभी जीवो का कल्याण करने की भावना के साथ मैंने राजनीति में प्रवेश किया है।

#### राजनीति में निभाएंगे सकारात्मक भूमिका

उन्होने देश के उद्योगपतिओ से कहा कि कोई देश के लिए महाराणा प्रताप बनके आए तो आप भामासा बनने का मौका मत चूकना। पार्टी के रमेश शाह,दिनेश जैन,मोहन माली,सुरेश जैन,मांगीलाल जैन,स्नेहा विसारिया जैसे कई स्थापक पार्टी के सदस्यों के साथ साथ पूज्य संत निलेश मुनि का दिल से आभारी हूँ। वही उन्होने अपने पत्रकारिता में हीरा बाज़ार का 50 हज़ार करोड़ का हवाला कांड खोला है। मेहुल चौकशी और नीरव मोदी ज्वेलरी के ब्रांड बनाके गलत प्रमाण पत्र देते थे वो बात देश के समक्ष लाई, मेहुल नीरव भाग ना जाये इनका पास पोर्ट जप्त करो ये देश के एक वरिष्ठ अखबार को हार्दिक हुंडिया ने पहले ही बताई है। जैन धर्म में बढ़ता शिथिलाचार के सामने आवाज उठाई तो जैन साधुओ की प्रेरणा से मेरे पे एफआईआर। समाज के हर क्षेत्रों में अनमोल भूमिका निभाने वाले हार्दिक हुंडिया जरूर राजनीति में सकारात्मक भूमिका निभायेंगे।

# विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत कहानी, रोल प्ले, पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर म.प्र. के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम, तहसील विधिक सेवा समिति सिरोंज के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में सेंट जोसेफ कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल में बच्चो को अपनें अधिकार टॉपिक पर कहानी, रोल प्ले, पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई।जिसमें छात्र छात्राओं ने बड़ चढ़ भाग लिया गया। साथ ही कहानी, पोस्टर, पेंटिंग, स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसमे सभी प्रतियोगिता में फर्स्ट, सेकेंड, थर्ड आने पर बच्चों को पुरुस्कार दिए गए। वही हरी झंडी दिखाकर वाहन रैली निकाली गई जो कि कोर्ट से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से होती हुई पुनः कोर्ट मे पहुचकर समापन किया गया। इस दौरान स्कूल डारेक्टर विनोई माइकल,स कूल प्राचार्य नीरज सक्सेना,पैरालीगल छगन सिंह राजपूत सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।




# जिला कांग्रेस ने मनाई पंडित नेहरू जी की जयंती

**सागर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की 136वीं जन्म जयंती पर जिला कांग्रेस शहर ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जन्म जयंती का आयोजन किया। जन्म जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने पुष्पांजलि अर्पित की व जयंती का आयोजन किया । इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा देश की आजादी के बाद जिस तरीके से भारत खंड-खंड में मिला उसको सजाने और संभालने का काम पंडित नेहरू ने किया। पंडित नेहरू ने बच्चों के भविष्य के विषय में हमेशा चिंतित रहकर उनकी भविष्य की नींव को मजबूत करने के लिए हमेशा काम किया। पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में इसीलिए मनाया जाता है और इतिहास में पंडित नेहरू ने भारत में जो काम किया वह आज भी देश के कोने कोने में दिखाई पड़ता है। हम सभी को साथ रहकर कांग्रेस की नीति के अनुसार पंडित जवाहरलाल नेहरू के बताएं रास्ते पर चलकर आम जनता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना होगी। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दिनेश पटेरिया आभार वीरेंद्र राजे माना। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राहुल चौबे कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष सिन्टू कटारे, रमाकांत यादव, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सागर साहू, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष चक्रेश रोहित, धर्मेंद्र चौधरी, तज्जु भाईजान, दीनदयाल तिवारी, महेश अहिरवार, अमन लोधी, वीरू चौधरी, कुंजीलाल लाडिया, लल्ला यादव, संजय रैकवा,र सुनील पावा, जयदीप तिवारी, रजिया खान, अनिल दक्ष, प्रशांत सोनी, नीलेश आदि उपस्थित थे।

# 32 बीएलओ और सुपरवाइजर को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

अनुविभागीय मनीष जैन की अधिकारी की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र मे नियुक्त 32 बीएलओ सुपर बाहजर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बीएलओ द्वारा एसआईआर का कार्य ऑनलाइन किए जाने के संबंध मे जानकारी प्रदाय की गई। अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मनीष कुमार जैन द्वारा एसआईआर के प्रति आमजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। इसके लिए स्थानीय संस्थाओं के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने को कहा गया, ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति का डेटा सही प्रकार से दर्ज हो सके। मतदाताओं से अपील की गई है कि बीएलओ द्वारा किए जा रहे एसआईआर कार्य अंतर्गत घर-घर गणना फार्म वितरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें मतदाता से बीएलओ के द्वारा मांगी जा रही आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराकर बीएलओ का सहयोग करें। ताकि समय सीमा मे एवं आसानी से भारत निर्वाचन आयोग के कार्य को पूर्ण किया जा सके।

#### जगदीशपुरी मानोरा को मिली बड़ी सौगात

**ग्यारसपुर।** क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी के अथक प्रयासों पर मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मानोरा स्थित भगवान जगदीश स्वामी मंदिर और कुल्हार स्थित बिजासन माता मंदिर हेतु सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 47-47 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। इस निर्णय से दोनों गांवों में धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीणों को कार्यक्रमों के लिए सुलभ और सुरक्षित स्थान उपलब्ध होगा। स्थानीय ग्रामीणों ने मंत्री और विधायक के प्रति आभार जताते हुए इसे क्षेत्रीय विकास की महत्वपूर्ण पहल बताया।

#### विधिक सेवा सप्ताह के तहत निकाली रैली

**हरिभूमि न्यूज. कुरवाई।** न्यायाधीश आनंद गौतम के मार्गदर्शन में विधिक सेवा समिति अभिभाषक संघ के अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीय कर्मचारियों एवं पुलिस ने बाइक रैली निकाली। न्यायालय परिसर से न्यायिक मजिस्टेट प्रथम श्रेणी प्रियंका कुशवाह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। बाइक रैली न्यायालय परिसर से होते हुए तहसील रोड, बिजली आफिस, बीना रोड, बीना तिराह, बस स्टेंड, मालीपुरा, मंडी मोहल्ला, पुराना थाना, बाजार, पटेल लेडमार्क, होते हुए वापस न्यायालय परिसर में समाप्त हुई। रैली में अभिभाषक व कर्मचारी शामिल हुए।

#### आदतन अपराधियों जिला बदर

**सागर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर संदीप जी आर ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के मद्धेनजर रखते हुए आदतन अपराधियों को जिला बदर करने का आदेश दिया है।

# 72वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** 72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का शुभारंभ उपायुक्त सहकारिता एवं प्राधिकृत अधिकारी डीके झारिया द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ प्रतिवर्ष 14 से 20 नवम्बर तक सहकारी सप्ताह का आयोजन सहकारिता की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु करता है। सप्ताह के दौरान कार्यशालाएं, संगोष्ठियां और विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी प्रबंधक योगेन्द्र सोनी ने बताया कि जिला सहकारी संघ विदिशा एवं जिले की सभी सहकारी समितियों के संयुक्त तत्वावधान में यह सप्ताह सात दिवसीय विस्तृत रूपरेखा के साथ मनाया जा रहा है।

## तहसील मैदान में शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज. ग्यारसपुर।** तहसील मैदान में शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर ने मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की। रस्साकसी, कबड्डी, खो-खो, नींबू-चम्मच दौड़ सहित कई पारंपरिक खेलों में सांदीपनि विद्यालय, औलिजा और ऊहर कोटरा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य खिलाड़ियों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया और पूरे आयोजन में उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

# खमतला में नेहरू जयंती पर विचार संगोष्ठी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ग्राम खमतला में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया,

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, प्रदेश महामंत्री अनुमा आचार्य, प्रदेश प्रवक्ता आनंद जाट, आनंद प्रताप सिंह सहित अनेक वक्ताओं ने नेहरू जी के उदार, वैज्ञानिक और लोकतांत्रिक दृष्टिकोण को आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। मोहित रघुवंशी ने कहा कि नेहरू जी ने आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखते हुए शिक्षा, विज्ञान और उद्योगों के विकास को प्राथमिकता दी। आनंद जाट ने उन्हें मानवता और प्रगतिशील विचारों का प्रतीक बताया। अनुमाआचार्य ने कहा कि नेहरू जी का सर्वधर्म समभाव और सामाजिक न्याय का संदेश आज की जरूरत है। वहीं आनंद प्रताप सिंह ने उनके विकास मॉडल को भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। सभी वक्ताओं ने कहा कि नेहरू जी के विचार देश की वैचारिक एकता और प्रगति के लिए आज भी मार्गदर्शक हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह राजपूत ने किया और आभार गोविंद चौबे ने व्यक्त किया। जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण कुमार अवस्थी द्वारा दी गई।





## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरवाई जिला विदिशा म.प्र.

:: जाहिर सूचना ::

न्यायालय उपखंड अधिकारी कुरवाई द्वारा संस्थित पत्र क्रमांक 0801/अ-6-अ/2021-22 एवं न्यायालय नायाब तहसीलदार कुरवाई द्वारा पंजीवद्ध प्रकरण क्रमांक 0140/बी-121/2021-22 मामले ग्राम गम्मूखेडी तहसील कुरवाई के सन्दर्भ एवं चालू नक्शा शीट संशोधन बाब्त ग्राम गम्मूखेडी के मौका एवं खसरा अभिलेख के मिलान कर विधि अनुसार संशोधित नक्शा तैयार किया गया है इंद्राज सुधार वास्ते सारणी निम्नानुसार है।

| | बंदोवस्त अभिलेखों में प्रविष्टि | | | | प्रस्तावित नक्शा | | | प्रस्तावित प्रविशिष्ट | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ख.नं. | क्षेत्रफल खसरा बीघा - बिस्वा | खसरा हेक्टर | नक्शा बीघा - बिस्वा | नक्शा हेक्टर | ख.नं. | क्षेत्रफल बीघा - बिस्वा | हेक्टर | ख.नं. | क्षेत्रफल |
| 10 | 25-17 | 5.403 | 13-16 | 2.884 | 10 | 13-16 | 2.884 | 10 | 5.403 |
| | | | | | 11 | 12-01 | 2.519 | | |
| | | | | | योग | 25-17 | 5.403 | | |
| 11 | 13-12 | 2.842 | 12-01 | 2.519 | 12 | 13-12 | 2.842 | 11 | 2.842 |
| 12 | 2-01 | 0.428 | 13-12 | 2.842 | 13 | 2-01 | 0.428 | 12 | 0.428 |
| 13 | 1-01 | 0.219 | 2-01 | 0.428 | 14 | 1-01 | 0.219 | 13 | 0.219 |
| 14 | 6-00 | 1.254 | 1-01 | 0.219 | 15 | 6-00 | 1.254 | 14 | 1.254 |
| 15 | 0-14 | 0.146 | 6-00 | 1.254 | 16 | 0-14 | 0.416 | 15 | 0.146 |
| 16 | 29-15 | 6.218 | 0-14 | 0.146 | 17 | 29-15 | 6.218 | 16 | 6.218 |
| 17 | 20-08 | 4.264 | 29-15 | 6.218 | 18 | 20-08 | 4.264 | 17 | 4.264 |
| 18 | 0-05 | 0.052 | 20-08 | 4.264 | 19 | 0-05 | 0.052 | 18 | 0.052 |
| 19 | 16-08 | 3.428 | 0-05 | 0.052 | 20 | 16-08 | 3.428 | 19 | 3.428 |
| 20 | 20-00 | 4.180 | 16-08 | 3.428 | 21 में से | 20-00 | 4.180 | 20 | 4.180 |
| 21 | 12-11 | 2.623 | 29-10 | 6.166 | 21 में से | 9-10 | 1.986 | 21 | 2.623 |
| | | | | | 22 में से | 3-01 | 0.637 | | |
| | | | | | योग | 12-11 | 2.623 | | |
| 22 | 46-02 | 9.635 | 49-03 | 10.272 | 22 में से | 46-02 | 9.635 | 22 | 9.635 |
| 35 | 5-14 | 1.191 | 2-10 | 0.523 | 35 | 2-10 | 0.523 | 35 | 1.191 |
| | | | | | 36 | 3-04 | 0.668 | | |
| | | | | | योग | 5-14 | 1.191 | | |
| 36 | 11-02 | 2.320 | 3-04 | 0.668 | 45 में से | 11-02 | 2.320 | 36 | 2.320 |
| 45 | 10-00 | 2.090 | 32-06 | 6.751 | 45 में से | 10-00 | 2.090 | 45 | 2.090 |
| 46 | 23-04 | 4.849 | 1-00 | 0.209 | 45 में से | 11-04 | 2.341 | 46 | 4.849 |
| | | | | | 46 | 1-00 | 0.209 | | |
| | | | | | 55 में से | 11-00 | 2.299 | | |
| | | | | | योग | 23-04 | 4.849 | | |
| 53 | 5-19 | 1.244 | 0-14 | 0.146 | 54 | 5-19 | 1.244 | 53 | 1.244 |
| 54 | 0-14 | 0.146 | 5-19 | 1.244 | 53 | 0-14 | 0.146 | 54 | 0.146 |
| 55 | 12-0 | 2.508 | 37-00 | 7.733 | 55 में से | 12-00 | 2.508 | 55 | 2.508 |
| 56 | 14-00 | 2.926 | 1-02 | 0.230 | 55 में से | 14-00 | 2.926 | 56 | 2.926 |
| 57 | 1-02 | 0.230 | 0-16 | 0.167 | 56 | 1-02 | 0.230 | 57 | 0.230 |
| 58 | 0-16 | 0.167 | 0-04 | 0.042 | 57 | 0-16 | 0.167 | 58 | 0.167 |
| 59 | 0-04 | 0.042 | 15-01 | 3.142 | 58 | 0-04 | 0.042 | 59 | 0.042 |
| 60 | 15-01 | 3.142 | 8-04 | 1.714 | 59 | 15-01 | 3.145 | 60 | 3.145 |
| 61 | 8-04 | 1.714 | 0-16 | 0.167 | 60 | 8-04 | 1.714 | 61 | 1.714 |
| 62 | 0-16 | 0.167 | 2-10 | 0.523 | 61 | 0-16 | 0.167 | 62 | 0.167 |
| 63 | 2-10 | 0.523 | 7-05 | 1.515 | 62 | 2-10 | 0.523 | 63 | 0.523 |
| 64 | 7-05 | 1.515 | 2-02 | 0.439 | 63 | 7-05 | 1.515 | 64 | 1.515 |
| 65 | 2-02 | 0.439 | 14-10 | 3.031 | 64 | 2-02 | 0.439 | 65 | 0.439 |
| 66 | 11-04 | 2.341 | 2-0 | 0.418 | 65 में से | 10-06 | 2.153 | 66 | 2.341 |
| | | | | | 66 में से | 0-18 | 0.188 | | |
| | | | | | योग | 11-04 | 2.341 | | |
| 66/142 | 5-06 | 1.108 | - | - | 65 में से | 4-04 | 0.878 | 66/142 | 1.108 |
| | | | | | 66 में से | 1-02 | 0.230 | | |
| | | | | | योग | 5-06 | 1.108 | | |
| 75 | 2-06 | 0.481 | - | - | 75 | 2-06 | 0.481 | 75 | 0.481 |
| | | | | | 75/142 | - | - | | |
| योग-33 | 334-03 | 69.838 | 334-03 | 69.838 | | 334-03 | 69.838 | 33 | 69.838 |

उक्त सूची में खसरों की नक्शों में सुधार किया जाना प्रस्तावित है। भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरवाई जिला विदिशा के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है। इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर किसी भी संबंधित व्यक्ति अथवा व्यक्ति विशेष द्वारा उक्त खसरों के नक्शे के बारे में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरवाई एवं राजस्व कैम्प दिनांक 02/12/25 को ग्राम-गम्मूखेडी (बेचिराग) पंचायत भवन ग्राम उमरछा में कोई आपत्ति हो तो दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

उपखंड अधिकारी एवं भू-अर्जन
अधिकारी कुरवाई
जिला विदिशा (म.प्र.)

# कान्वेंट स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि संस्कार भी दे रहा: राघवेंद्र शर्मा

## स्कूल के गोल्डन जुबली स्थापना समारोह में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम किए पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शुक्रवार को रायसेन स्थित सेंट कान्वेंट सीनियर हायर सेकंडरी स्कूल के 50वें वार्षिक महोत्सव (गोल्डन जुबली समारोह) आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व बाल संरक्षण आयोग मप्र के अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा उपस्थित हुए।

स्कूल के गोल्डन जुबली समारोह की अध्यक्षता जिपं अध्यक्ष यशवंत सिंह बब्लू मीणा ने की। विशेष अतिथि की हैसियत से कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अंजू



विश्वकर्मा, बीजेपी नेता ब्रजेश चतुर्वेदी, हरिभूमि समाचार पत्र के जिला ब्यूरो चीफ संदीप दुबे उपस्थित रहे। इसके अलावा स्कूल की प्राचार्य सिस्टर हैलेन, नवीन चतुर्वेदी, संदेश तोमर मौजूद रहे।कान्वेंट स्कूल के छात्र छात्राओं, नन्हें मुन्ने बच्चों ने विविध रंगारंग एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक आदि की रोचक प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमुदाय का मनमोह लिया।

गोल्डन जुबली समारोह स्कूली बच्चों की अद्भुत प्रतिभा, अनुशासन एकता और मंच पर उनके उत्कृष्ठ प्रदर्शन को देखकर दर्शक झूम उठे। विशेष रूप से कार्यक्रम में ऐतिहासिक रायसेन किले और पारस पत्थर पर आधारित बच्चों का प्रस्तुतीकरण अत्यंत रोचक, ज्ञानवर्धक और सराहनीय रहा।



### कॉन्वेंट स्कूल से पढ़ाई कर ऊंचे ओहदे पर पहुंच चुके विद्यार्थी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि कॉन्वेंट स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि संस्कार भी दे रहा है। रायसेन शहर के इस स्कूल के इंग्लिश मीडियम के कई छात्र पढ़ाई कर बड़े अधिकारी और ऊंचे ओहदे की कुर्सी तक पहुंच चुके हैं जो की रायसेन के लिए बड़े खुशी और गौरव की बात है। यशवंत मीणा बोले कि स्कूली छात्राएं शिक्षा दीक्षा लेकर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा भी इसी स्कूल से हुई थी। बाद में अन्य स्कूलों में पढ़ाई करके आज राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़े हैं।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह का क्षेत्र में दौरा आज

**सिलवानी।** केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज शनिवार को क्षेत्र के



भ्रमण पर आ रहे हैं। उनके साथ पूर्व विधायक रामपाल सिंह भी विशेष रुप में मौजूद रहेगें। दौरा भ्रमण के तहत केंद्रीय मंत्री श्री चौहान जनजातीय गौरव दिवस धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पर सिलवानी के प्रतापगढ़ मंडल के कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। जानकारी के अनुसार वह दोपहर 12 बजे ग्राम चंदन पिपलिया पहुचेंगे, जहां वह सांसद खेल महोत्सव के कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। इसके बाद ग्राम नारायणपुर पहुंचकर विरसा मुंडा जयंती, जनजातीय गौरव दिवस, पदयात्रा एवं शिविर के कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

### वन परिसर में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम

**रायसेन।** धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती समापन वर्ष के उपलक्ष्य में 15 नवम्बर को खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग के मुख्य आतिथ्य में शहर के वन परिसर में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## मंडी में भारी आवक, लेकिन सही दाम नहीं मिलने से खाली हाथ घर लौट रहे कई किसान

# लागत निकलना भी मुश्किल, औने-पौने दामों में व्यापारी खरीद रहे धान की उपज

### किसानों का छलका दर्द... बोले- पहले मौसम की मार, अब मंडी में कम दाम मिलने से दोहरा संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के किसान एक ओर बेमौसम बारिश से धान फसल को नुकसान होने से पहले ही परेशान हैं। वहीं दूसरी ओर शासकीय धान खरीदी केंद्र अब तक शुरू नहीं होने से वे दोहरे संकट में फंस गए हैं। जिन किसानों ने बारिश से पूर्व खरीफ मौसम का धान काटकर उसकी थ्रेसिंग करवा ली है। वे अपना धान बेचने के लिए केंद्र शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। चूंकि खुले बाजार में उन्हें धान का उचित दाम नहीं मिल पाते।

शहर के दशहरे मैदान में कृषि उपज मंडी द्वारा धान की नीलामी की जा रही हैं, जहां अनाज व्यापारी नीलामी में धान की खरीदी कर रहे हैं। धान बेचने आए किसान मेहरबान सिंह, कमल पटेल राजवीर ने बताया कि उनकी उपज कम दामों में खरीदी जा रही है। कर्जा चुकाने के लिए हमें मजबूरन कम दामों में ही उपज बेचना पड़ रही है।

पंजीकृत किसान सरकारी खरीदी केंद्र पर धान की बिक्री कर सकता है, लेकिन इस वर्ष अब तक इन केंद्रों का कोई अता-पता नहीं है। जिसके कारण एक ओर बाजार में दाम कम मिलने और दूसरी ओर बेमौसम बारिश की दोहरी मार किसान झेल रहे हैं। इस संदर्भ में जिला मार्केटिंग अधिकारी कल्याण सिंह ठाकुर ने बताया कि खरीफ मौसम के लिए धान की बिक्री करने वाले किसानों का पंजीयन करने के आदेश प्राप्त हो गए हैं। जल्द ही यह प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। यह प्रक्रिया 15 से 20 दिनों में पूर्ण हो जाएगी। पंजीयन होने के बाद ही धान खरीदी केंद्रों पर उपज खरीदी जाएगी।

नीलामी में शुक्रवार को दोपहर बाद दूसरी पाली में करीबन 135 ट्रालियों की मंडी प्रबंधन द्वारा कराई गई। पूसा बासमती धान के दाम 3000, 2860 रुपये क्विंटल रहे। इसके अलावा पूसा के दाम 2800 से 2900 रुपये प्रति क्विंटल रेट बिकी।इसके अलावा क्रांति धान 2890 से लेकर 2700 और 2760 रुपये क्विंटल रेट के भाव से ट्रालियां खरीदी।

### मजबूरी... कम दामों में बेचना पड़ी रही किसानों को धान

*किरोंदा गांव तहसील गौहरगंज के किसानों सुमंत मालवीय तेज सिंह ने बताया कि इस साल उनको धान के दाम कम मिल रहे हैं। ऐसी स्थिति में उनको खेतीं की लागत भी नहीं निकल पाएगी। उन्होंने शिकायत की है कि उनके धान की खरीदारी सरकारी क्रय केंद्रों पर नहीं हो रही है। किसानों का कहना है कि जब वे क्रय केंद्र पर जाते हैं, तो उनकी समस्याओं को कोई सुनने वाला नहीं होता। सिर्फ पहुंच वाले रसूखदार बड़े किसानों के धान की ही खरीदारी सही होती है। ऐसे में मजबूरन उन्हें कम दाम पर बिचौलियों को धान बेचना पड़ता है।*



### किसानों की व्यथा...

ग्राम महू पथरई के किसान अंगद सिंह, सुंड के नेपाल सिंह ठाकुर खरगावली के हेतसिंह पटेल भादनेर के राजेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि उनके गांव में धान खरीदारी को लेकर सभी किसान परेशान हैं। उनका धान काफी दिनों से खलिहानों में धूप में सूखने के लिए पड़ी हुई है। लेकिन कोई खरीदने वाला नहीं है। बाजार में जो भाव मिल रहा है, उसी पर उन्हें धान बेचना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी क्रय केंद्र अभी तक नहीं खुले है, और बाद में खुलता भी है तो धान कहां से आएगा, क्योंकि उनका धान अभी तक नहीं बिका है।

#### इनका कहना है...

शुक्रवार को बेस्ट क्वालिटी की पूसा बासमती धान के दाम 3 हजार रुपए रहे। वहीं क्रांति धान के रेट 2760, 2700 से लेकर 2890 रुपए प्रति क्विंटल बिकी। किसानों को उनकी धान उपज के दाम फिलहाल सही मिल रहे हैं।

- **वीरेंद्र सिंह ठाकुर,** सचिव, कृषि उपज मंडी रायसेन।

### कृषि उपज मंडी के सिर्फ एक ही धर्मकांटे पर होती है तुलाई

मंडी प्रांगण के अंदर सिर्फ एक ही धर्म कांटे पर ही तुलाई होती है जिस पर किसानों की उपज की तुलाई की जा रही हैम जिसमें समय पर नहीं हो पाती है। अन्नदाताओं का कहना है कि यदि प्रांगण में धर्म कांटों की संख्या बढ़ जाए तो किसानों को तुलाई के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। मंडी सचिव वीरेंद्र सिंह ठाकुर का कहना है कि एक प्रस्ताव बनाया जा रहा है जो मंडी बोर्ड को भेजा जाएगा, स्वीकृति मिलने पर धर्मकांटों की संख्या बढ़ाई जाएगी। स्थानीय कृषि उपज मंडी में उपज की तुलाई के लिए किसान घंटो कतार में खड़े रहते हैं। क्योंकि गल्ला मंडी की दशहरे मैदान में नीलामी के उपरांत किसानों को अपनी उपज की तुलाई धर्म कांटे से करनी पड़ती है। मंडी प्रांगण के अंदर धर्म कांटों की संख्या केवल एक ही है और धान की आवक अधिक है। जिसके चलते तौल समय पर नहीं हो पा रही है और किसान घंटो तक लाइन में लगकर परेशान नजर आ रहा है।

खास बात यह है कि किसान को एक बार नहीं दो बार लाइन में लगना पड़ रहा है। पहली बार किसान भरी ट्रॉली की तौल कराने लाइन में लगता है फिर लाइन में लगकर किसान को खाली ट्रॉली की तुलाई करनी पड़ती है। तब कहीं जाकर उसे अपनी उपज का भुगतान मिल पा रहा है। शुक्रवार को मंडी में आवक अधिक थी।

#### आरोपियों पर मामला किया दर्ज

## सरकारी रास्ते को लेकर एक ही परिवार के 2 पक्षों में विवाद

### पारिवारिक विवाद में चार व्यक्तियों ने मिलकर एक महिला पर कर दिया हमला, गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर



सलामतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम संग्रामपुर में सरकारी रास्ते को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि चार व्यक्तियों ने मिलकर एक महिला पर हमला कर दिया। घटना में घायल हुई महिला भगवती बाई के सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को सांची सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वर्तमान में महिला का उपचार जारी है।

घटना के बाद पीड़िता भगवती बाई की रिपोर्ट पर सलामतपुर थाने में चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## ब्रेनिएक्स पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर बाल मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर के ब्रेनिएक्स पब्लिक स्कूल, सिलवानी में शुक्रवार को बाल दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में रंगारंग बाल महोत्सव एवं बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर पूरी तरह उत्सव की रंगीन सजावट से सजा हुआ था, जहां बच्चों की खुशी, उत्साह और उमंग देखते ही बन रही थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। विद्यालय के प्राचार्य गजेन्द्र रघुवंशी, वरिष्ठ शिक्षकगण तथा समस्त स्टाफ की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ यह आयोजन बच्चों के लिए एक यादगार दिवस बन गया। प्राचार्य रघुवंशी ने सरस्वती वंदना के दौरान बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और शिक्षा की निरंतर प्रगति की कामना की।



### खाद्य स्टाल बने आकर्षण का केंद्र

*मेले में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विविध प्रकार के स्वादिष्ट और आकर्षक खाद्य स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। पानी पुरी, छोला चाट, कटोरी चाट, टिक्की, केक, पेस्ट्री, क्रीम रोल, कस्टर्ड, समोसा, कचौड़ी, चाऊमीन, नूडल्स सहित कई लजीज व्यंजनों ने बच्चों और अभिभावकों का मन मोह लिया। अभिभावकों ने भी मेले में पहुंचकर बच्चों के स्टॉलों पर जाकर सामग्री खरीदी और उन्हें प्रोत्साहित किया। बच्चों में अपने.अपने स्टॉल को आकर्षक तरीके से सजाने और संचालित करने का उत्साह साफ दिखाई दे रहा था।*

### रविंद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज का होगा सम्मान



**बाड़ी।** अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय समाज के दिलों के नायक केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सम्मान के लिए दीपावली मिलन समारोह 16 नवंबर को रविंद्र भवन पॉलिटेक्निक चौराहा भोपाल में आयोजित किया जाना है। जिसको लेकर अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा ने आयोजन के लिए हर घर आमत्रण हर घर अनुरोध की पहल के साथ आमंत्रण पत्र दिए जा रहे हैं। यह आयोजन दीपावली मिलन समारोह के रूप में भोपाल में आयोजित किया जा रहा है जिसमें समाज के नायक केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह का अखिल भारतीय महासभा द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

#### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई पूरी घटना

## खरगोन में अज्ञात लोगों ने शराब दुकान में लगाई आग

बरेली/खरगोन

तहसील के व्यापारिक केंद्र कस्बा खरगोन में बीती रात लगभग 12 बजे अज्ञात लोगों द्वारा सफेद रंग की बोलेरो में सवार होकर आए शराब दुकान पर पेट्रोल डालकर आग लगाकर गायब हो गए। पुलिस द्वारा अज्ञात लोगों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 326 का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों एवं बिना नंबर के वाहन की तलाश की जा रही है।

पूरी घटना शराब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई। एफएलएस की टीम को जांच के लिए बुलाया गया।

#### इनका कहना है

शराब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हुई है। रात का वीडियो धुंधला है बिना नंबर की गाड़ी और अज्ञात लोगों की तलाश की जा रही है।

- **कपिल गुप्ता,** टीआई थाना बरेली

### दुकान के भीतर सो रहे थे 2 लोग

◆ शराब दुकान के भीतर दो कर्मचारी रात में सो रहे थे जैसे ही आग लगी कर्मचारी बाहर आए और आग को तत्काल बुझाया अन्यथा दुकान में सो रहे लोग जल भी सकते थे। शराब दुकान के सामने जीप रुकने की आवाज भीतर सो रहे डब्लू गुप्ता और रोहित ने सुनी जब तक वह बाहर आते जीप में सवार अज्ञात लोग दुकान में आग लगाकर भाग गए। कर्मचारियों ने तत्काल आग बुझाकर बड़ा हादसा और नुकसान टल गया।

## 20 वर्षीय युवक की दोनों किडनी फेल सप्ताह में दो बार हो रहा 'डायलिसिस'

### आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण किडनी नहीं बदलवा पा रहा परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले दीवानगंज निवासी राजेश शाक्या उर्फ अन्ना के 20 वर्षीय पुत्र लोकेश की दोनों किडनी फेल हो गई हैं, जिसका इलाज भोपाल के एक प्रायवेट अस्पताल में चल रहा है। लोकेश के पिता अत्यंत ही गरीब हैं, वह मेहनत मजदूरी कर अपने घर का खर्चा चला रहे हैं। परिवार में पत्नी, दो पुत्री और एक लोता पुत्र लोकेश ही है।

अपने पुत्र की दोनों किडनी फेल होने के कारण पूरा घर परेशान रहता है। दो साल पहले तबीयत खराब होने के कारण किडनी खराब हो गई है।

लोकेश शाक्या के पिता ने बताया कि पुत्र की दोनों किडनी पूरी तरह से खराब हो चुकी है। इसके इलाज के लिए पैसा नहीं है। जिससे हम अपने एक लोते पुत्र का इलाज करवा सकें।



दोनों किडनी फेल होने के कारण, युवक को दो साल से हफ्ते में दो बार डायलिसिस कराने के लिए भोपाल बस द्वारा जाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और समाजसेवियों से मदद की अपील की है, ताकि युवक को बेहतर इलाज मिल सके।

### युवक की मां अपनी एक किडनी देने तैयार, लेकिन ट्रांसप्लांट के नहीं पैसे

*युवक लोकेश की माता अपनी एक किडनी देने के लिए तैयार है, लेकिन किडनी को ट्रांसप्लांट करने में करीब 18 से 20 लाख रुपए का खर्च बताया जा रहा है। आर्थिक स्थति खराब होने के चलते वह इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थ्य हैं। बेटे के इलाज में पहले से ही 8 से 10 लाख रुपए कर्जे में जा चुके है। हालात ऐसे है कि अब उन्हें बस किराए के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। लोकेश के माता-पिता ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं विधायक से बच्चें के इलाज के लिए गुहार लगाई है।*

#### जिला अस्पताल की एक और उपलब्धि

## अब बच्चेदानी की अंदरूनी बीमारियों का दूरबीन पद्धति से हो रहा सफल इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला अस्पताल रायसेन में दूरबीन पद्धति से बच्चेदानी की समस्या की जांच की सुविधा उपलब्ध है। जिससे बच्चेदानी में समस्या से परेशान महिलाओं को बहुत सुविधा हुई है और जिला अस्पताल में ही जांच के साथ इलाज भी हो जाता है।

रायसेन निवासी शांति बाई भी बच्चेदानी में समस्या से परेशान थी। पहले उन्हें लगा कि इलाज के लिए भोपाल में किसी बड़े अस्पताल जाना पड़ेगा, लेकिन जिला अस्पताल में ही इलाज की सुविधा होने की जानकारी मिलने पर वह परिजन के साथ जिला अस्पताल पहुंची। जिला अस्पताल में दूरबीन पद्धति से बच्चेदानी की जांच की गई तो बच्चेदानी में गठान मिली। जिसके उपरांत जिला चिकित्सालय में ही निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ अनिल ओढ़, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ज्योत्सना भीमटे तथा ओटी इंचार्ज संगीता बरखने द्वारा शशांति बाई का दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन कर गठान को निकाला।


डॉ ज्योत्सना भीमटे ने बताया कि जिला अस्पताल में ही बच्चेदानी की अंदरूनी बीमारी जैसे सेप्टम्, छाले, गठान आदि की जांच कर ऑपरेशन किया जाता है, जिससे महिलाओं को इलाज हेतु निजी अस्पतालों या दूसरे शहरों में जाने की परेशानी नहीं उठानी पड़ती।

## ब्रह्मचारी की अध्यक्षता में गो संरक्षण पर चिंतन मनन बैठक

### गो सेवा से जुड़े गो भक्तों को किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर के विभिन्न संगठनों द्वारा रविवार 16 नवंबर को मानस सत्संग भवन में गोवंश की संरक्षण पर चर्चा चिंतन मनन बैठक महामंडलेश्वर ब्रह्मचारी की अध्यक्षता में रखी गई है। बैठक में नगर के आसपास के ग्रामों के सरपंचों प्रभावशाली कृषकों नगर के व्यापारियों गणमान्य नागरिकों और गो सेवा से जुड़े गौ भक्तों को आमंत्रित किया गया है।



### समस्या के कारण नुकसान उपायों पर विचार

◆ *नगर की संस्था श्री निराला साहित्य जनकल्याण समिति ,हिंदू उत्सव समिति, व्यापारी महासंघ, टीम पहल, मानस मंडल, किसान संघ द्वारा जारी एक निमंत्रण पत्र में गौ माता की दुर्दशा दर-दर की ठोकरें खाने के कारण सडक़ों बाजारों में आवारा मवेशी से होने वाले नुकसान जानलेवा हादसों का उल्लेख करते हुए सबसे बड़ी समस्या बताया है। गोवंश मवेशियों के संरक्षण में सरकार गौशालाओं और गोवंश के लिए प्रत्येक ग्राम, ग्राम पंचायत में संरक्षित राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज भूमि से अतिक्रमण हटाने गोशालाओं को आत्मनिर्भर और उत्पादकता से जोडऩे जैसे उपायों का उल्लेख किया गया है।*

### बैठक में पहुंचने की अपील

नगर की अनेक संस्थाओं द्वारा आयोजित रविवार को होने वाली बैठक के लिए प्रचार संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जिस गाय को हम माता मानकर पूजन करते हैं, उसके संरक्षण संवर्धन सुरक्षा इत्यादि विषयों पर चर्चा चिंतन मनन बैठक में लोगों से समस्या निवारण के सुझाव भी लिखित में आमंत्रित किए हैं। संस्थाओं द्वारा नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में 16 नवंबर रविवार को मानस सत्संग भवन बैठक में पहुंचने की अपील की गई है।